उदित वाणी
पत्रकारिता में विश्वसनीयता के चार दशक

Bokaro: नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, 180 लीटर नकली विदेशी शराब भी जब्त

उदित वाणी, जमशेदपुर: बोकारो में डीसी विजया जाधव के निर्देश पर अवैध और नकली शराब के कारोबार के खिलाफ छापेमारी तेज कर दी गई है. सोमवार को बोकारो उत्पाद विभाग ने सहायक आयुक्त और उत्पाद निरीक्षक की देखरेख में एक विशेष टीम का गठन किया. इस टीम ने जरीडीह थाना क्षेत्र के तुपकीडीह इलाके में एक मकान पर रेड मारी, जहां नकली शराब बनाने का बड़ा कारोबार चल रहा था.

गुप्त तहखाने से निकली नकली शराब

टीम ने मकान के अंदर करीब 40 लीटर स्पिरिट बरामद किया. इसके बाद जब टीम ने मकान के पीछे बने कमरे में प्रवेश किया, तो वहां एक गुप्त तहखाना पाया गया. तहखाने में शराब बनाने के उपकरण, विभिन्न ब्रांड के स्टीकर, खाली बोतलें, ढक्कन और झारखंड सरकार का नकली लोगो मिला. साथ ही, 20 पेटी में 180 लीटर नकली विदेशी शराब भी जब्त की गई.

मालिक फरार, पुलिस की कार्रवाई जारी

घटना के समय घर का मालिक सुरेंद्र अग्रवाल मौके से फरार होने में सफल रहा. हालांकि, नकली शराब के इस मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने में उत्पाद इंस्पेक्टर विजय कुमार पाल, सदर थाना के एसआई सन्नी विवेक तिर्की और बेरमो के एसआई महेश दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

Source: https://uditvani.in/jharkhand/mini-factory-of-fake-liquor-busted/